| Date | Headline | Publication | Edition | Page | Source |
|---|---|---|---|---|---|
| Feb 22, 2024 | पीएनबी ने इरेडा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए | Dainik Bhaskar | Delhi | 9 | Bureau |

# पीएनबी ने इरेडा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



नई दिल्ली | पंजाब नैशनल बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंक, एवं भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (IREDA), नवीकरणीय उर्जा विकास में देश की अग्रणी संस्था, के बीच आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौता ज्ञापन के तहत दोनों संस्थान नवीकरणीय ऊर्जा विकास को बढ़ावा देने व ऋण वितरण के लिए एक दुसरे से सहयोग करेंगे। इस कदम से दोनों संस्थान ऐसी कम्पनियों को ऋण वितरण में बढ़ावा देंगे जो की पर्यावरण, सामाजिक तथा गवर्नेंस (ESG) के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देने में सक्षम हैं। वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करते हुए भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों को संरक्षित करना व ग्रीन एनर्जी के संसाधनों को विकसित करना इस समय पूरे विश्व की प्राथमिकता है जिसके लिए दोनों संस्थान मिल जुल कर काम करेंगे व ऐसे उद्यमों को ऋण वितरण में बढ़ावा देंगे जो इस प्रकार की गतिविधियों में कार्यरत हैं।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के लिए रखे गये एक संक्षिप्त समारोह में दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें जिसमें पंजाब नैशनल बैंक की ओर से श्री अतुल कुमार गोयल (प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी), श्री राजीवा (मुख्य महाप्रबन्धक- कॉर्पोरेट क्रेडिट), श्री मोहित धवन (महाप्रबन्धक - कॉर्पोरेट क्रेडिट), श्री गौरव गुप्ता (महाप्रबन्धक - अतिरिक्त वृहद् कॉरपोरेट शाखा, नई दिल्ली), IREDA की ओर से श्री प्रदीप कुमार दास (चेयरमैन व प्रबंध निदेशक), डा. बी के मोहंती (निदेशक- वित्त) तथा डा. रमेश चन्द्र शर्मा (महाप्रबन्धक - वित्त) की विशेष उपस्थिति रही।

| Date | Headline | Publication | Edition | Page | Source |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| Feb 21, 2024 | इरेडा, पीएनबी देंगे हरित ऊर्जा ऋण | Navbharat | Mumbai | 3 | Bureau |

# इरेडा, पीएनबी देंगे हरित ऊर्जा ऋण



**मुंबई.** भारत सरकार की नवीकरणीय ऊर्जा वित्त कंपनी 'इरेडा' और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने साथ मिलकर हरित ऊर्जा परियोजनाओं का वित्तपोषण करने के लिए एक समझौता किया है. इरेडा के महाप्रबंधक आर. सी. शर्मा और पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक राजीव ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. इस मौके पर इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास और पीएनबी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अतुल कुमार गोयल मौजूद थे. इस करार पर प्रदीप दास ने बयान में कहा कि अन्य प्रमुख वित्तीय संस्थानों के साथ एमओयू और समझौतों के जरिये इरेडा अब बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का वित्तपोषण करने में सक्षम है. समझौते के तहत दोनों संस्थान साथ मिलकर नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण करेंगे.

NewsRoom

| Date | Headline | Publication | Edition | Page | Source |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| Feb 20, 2024 | पीएनबी ने भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए | Hindustan Express | Jaipur | 9 | Bureau |

# पीएनबी ने भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** पंजाब नैशनल बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंक, एवं भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड , नवीकरणीय उर्जा विकास में देश की अग्रणी संस्था, के बीच आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौता ज्ञापन के तहत दोनों संस्थान नवीकरणीय ऊर्जा विकास को बढ़ावा देने व ऋण वितरण के लिए एक दुसरे से सहयोग करेंगे। इस कदम से दोनों संस्थान ऐसी कम्पनियों को ऋण वितरण में बढ़ावा देंगे जो की पर्यावरण, सामाजिक तथा गवर्नेंस के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देने में सक्षम हैं। वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करते हुए भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों को संरक्षित करना व ग्रीन एनर्जी के संसाधनों को विकसित करना इस समय पूरे विश्व की प्राथमिकता है जिसके लिए दोनों संस्थान मिल जुल कर काम करेंगे व ऐसे उद्यमों को ऋण वितरण में बढ़ावा देंगे जो इस प्रकार की गतिविधियों में कार्यरत हैं। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के लिए रखे गये एक संक्षिप्त समारोह में दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें जिसमें पंजाब नैशनल बैंक की ओर से श्री अतुल कुमार गोयल (प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी), श्री राजीवा (मुख्य महाप्रबन्धक- कॉर्पोरेट क्रेडिट), श्री मोहित धवन (महाप्रबन्धक - कॉर्पोरेट क्रेडिट), श्री गौरव गुप्ता (महाप्रबन्धक - अतिरिक्त वृहद् कॉरपोरेट शाखा, नई दिल्ली), IREDA की ओर से श्री प्रदीप कुमार दास (चेयरमैन व प्रबंध निदेशक), डा. बी के मोहंती (निदेशक- वित्त) तथा डा. रमेश चन्द्र शर्मा (महाप्रबन्धक - वित्त) की विशेष उपस्थिति रही। दोनों संस्थाओं के अधिकारियों ने इस समझौता ज्ञापन को एक मील का पत्थर बताया व नवीकरणीय उर्जा विकास के क्षेत्र में अपने-अपने संस्थानों की ओर से सहयोग व अधिक से अधिक ऋण स्वीकृति व ऋण वितरण को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया।

# NewsRoom

| Date | Headline | Publication | Edition | Page | Source |
|---|---|---|---|---|---|
| Feb 20, 2024 | नवीकरणीय ऊर्जा विकास को बढ़ावा देने के लिए पीएनबी का एमओयू | Vishwavarta | Lucknow | 4 | Bureau |

# नवीकरणीय ऊर्जा विकास को बढ़ावा देने के लिए पीएनबी का एमओयू



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** पंजाब नैशनल बैंक एवं भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड, नवीकरणीय उर्जा विकास में देश की अग्रणी संस्था, के बीच आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए । इस समझौता ज्ञापन के तहत दोनों संस्थान नवीकरणीय ऊर्जा विकास को बढ़ावा देने व ऋण वितरण के लिए एक दुसरे से सहयोग करेंगे । इस कदम से दोनों संस्थान ऐसी कम्पनियों को ऋण वितरण में बढ़ावा देंगे जो की पर्यावरण, सामाजिक तथा गवर्नेंस के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देने में सक्षम हैं । वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करते हुए भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों को संरक्षित करना व ग्रीन एनर्जी के संसाधनों को विकसित करना इस समय पूरे विश्व की प्राथमिकता है जिसके लिए दोनों संस्थान मिल जुल कर काम करेंगे व ऐसे उद्यमों को ऋण वितरण में बढ़ावा देंगे जो इस प्रकार की गतिविधियों में कार्यरत हैं ।

**ग्रीन एनर्जी के संसाधनों को विकसित करना**

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के लिए रखे गये एक संक्षिप्त समारोह में दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें।